# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2023 (ANNUAL)

**Sub. Code -122**

## Model Set

**SANSKRIT (Opt)**

**संस्कृत (ऐच्छिक)**

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक – 100**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में विभक्त है, खण्ड–'अ' एवं खण्ड–'ब'।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनके सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–'ब' में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। [50X1=50]

1. सभी शासन–पद्धतियों में श्रेष्ठ किसे माना गया है ?

(A) राजतंत्र (B) निरंकुश–तंत्र

(C) प्रजातंत्र (D) अधिनायक–तंत्र

2. प्रजातंत्र–शासन विधि में जनप्रतिनिधियों का चुनाव कब होता है ?

(A) यदा–कदा (B) नियत समय पर

(C) अनियमित समय पर (D) कभी नहीं

3. ''चाणक्यनीति'', ''नीतिशतक'' और ''विदुरनीति'' किसकी शिक्षा देते हैं ?

(A) नीति (B) अनीति

(C) आतंक (D) लोभ

4. भारत–भूमि कैसी है ?

(A) बहुरत्ना (B) बंजर

(C) दलदली (D) अनुर्वर

5. क्रोध का नाश कौन करता है ?

(A) लोभ (B) क्षमा

(C) अनर्थ (D) मोह

6. मृत्यु किसका हरण कर लेती है ?

(A) प्राणों का | (B) धर्म का

(C) धन का | (D) शक्ति का

7. स्तम्भशिखर आरोहण स्पर्धा का विजेता कौन था ?

(A) वृहत्काय मण्डूक | (B) अल्पकाय मण्डूक

(C) सूक्ष्मकाय मण्डूक | (D) दर्शकगण मण्डूक

8. वनस्पतियों से दवा बनाने का कार्य किसका था ?

(A) कृषक | (B) वैद्य

(C) व्यापारी | (D) गुरूजन

9. 'ज्वरनाशक औषधि' किसे कहा गया है ?

(A) आँवला | (B) तुलसी

(C) नीम | (D) बेल

10. ''नानारोगप्रणाशिनी'' किसे कहा गया है ?

(A) एलोबेरा | (B) हल्दी

(C) आँवला | (D) तुलसी

11. रमेश किसका प्रशिक्षण प्राप्त करने दिल्ली गया ?

(A) कृषिकर्म | (B) लेखांकन

(C) प्रबन्धन | (D) वायु–निर्माण

12. महँगाई बढ़ने से सर्वाधिक लाभ किसको होता है ?

(A) कृषक को | (B) अभियंता को

(C) व्यापारी वर्ग को | (D) निर्धन को

13. पंचतंत्र की एक कथा पद्यात्मक रूप में किस पाठ में वर्णित है ?

(A) वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः (B) प्रजातंत्रम्

(C) दिवास्वप्नः (D) सुभाषितानि

14. उन्नति की कामना करनेवाले व्यक्ति को क्या करना चाहिए ?

(A) लोभ (B) क्रोध

(C) घमंड (D) उद्यम

15. विप्र किसकी कामना करता है ?

(A) दुर्भिक्ष (B) विकास

(C) वर्षा (D) क्रोध

16. चतुःशालं भवनं का स्वामी बनने की कल्पना कौन करता है ?

(A) चिकित्सक (B) व्यापारी

(C) विप्र (D) मण्डूक

17. पंचतंत्र के रचनाकार कौन हैं ?

(A) अमर सिंह (B) विष्णु शर्मा

(C) कालिदास (D) नारायण पंडित

18. 'अपरीक्षितकारकम्' किस ग्रंथ का एक भाग है ?

(A) हितोपदेश (B) पंचतंत्र

(C) रामायण (D) महाभारत

19. 70 कथाओं एवं 900 श्लोकों वाला कथाग्रंथ निम्न में कौन–सा है ?

(A) पंचतंत्र (B) कथा–सरित्सागर

(C) मेघदूत (D) श्रीमद्भगवद्गीता

20. पहलवी भाषा में अनूदित कथाग्रंथ का नाम क्या है ?

(A) हितोपदेश
(B) पंचतंत्र
(C) कुमारसंभव
(D) नैषधीयचरित

21. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद किस राज्य के निवासी थे ?

(A) उड़ीसा
(B) बिहार
(C) पश्चिम बंगाल
(D) महाराष्ट्र

22. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का जन्म–स्थल कहाँ था ?

(A) जीरादेई
(B) गढ़वा
(C) पटना
(D) मुजफ्फरपुर

23. 1917 ई0 में चम्पारण आंदोलन के दौरान डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की मुलाकात (संपर्क) किससे हुई ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) सुभाषचंद्र बोस
(C) जयप्रकाश नारायण
(D) बिनोवा भावे

24. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति होने का गौरव किसे प्राप्त है ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) सुभाषचंद्र बोस
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

25. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जाने जाते थे –

(A) सादा जीवन उच्च विचार के लिए
(B) क्रोध के लिए
(C) घमंड के लिए
(D) लोभ के लिए

26. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति पद को कितनी बार सुशोभित किया ?

(A) दो बार
(B) चार बार
(C) तीन बार
(D) पाँच बार

27. भोजन से किसका पता चलता है ?

(A) मन (B) बुद्धि

(C) ज्ञान (D) शरीर

28. सज्जनों का धन किसके लिए होता है ?

(A) ज्ञान (B) दान

(C) रक्षा (D) संचय

29. विद्या किसे प्राप्त नहीं होती है ?

(A) क्रोधी (B) आलसी

(C) लोभी (D) विद्वान्

30. सभी हाथियों में क्या नहीं पाया जाता ?

(A) सूँड़ (B) मौक्तिक

(C) पूँछ (D) दाँत

31. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की मृत्यु किस माह में हुई ?

(A) जनवरी (B) फरवरी

(C) मार्च (D) अप्रैल

32. ''वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः'' पाठ में वैद्य का नाम क्या था ?

(A) भानु (B) हरि

(C) रमेश (D) गणेश

33. देहरादून से क्या मँगवाया जाता था ?

(A) मदिरा (B) मांस

(C) औषधि (D) जल

34. 'औषधि' से क्या प्राप्त होता है ?

(A) ऊर्जा (B) आलस

(C) क्रोध (D) लोभ

35. पेड़–पौद्यों में लगने वाली बीमारियों तथा उनके निराकरण का वर्णन किस ग्रंथ मे ंकिया गया है ?

(A) वृक्षायुर्वेद (B) निघण्टु

(C) चरक–संहिता (D) सुश्रुत–संहिता

36. स्वाद बढ़ाने वाली वनस्पति निम्न में कौन–सी है ?

(A) हल्दी (B) आँवला

(C) बेल (D) नीम

37. ''शक्तिदात्री घृतकुमारिका'' को आजकल किस नाम से जाना जाता है ?

(A) एलोबेरा (B) नीम

(C) आँवला (D) हल्दी

38. अर्जुन ने अपना ध्यान किसके नेत्र पर केन्द्रित किया और वेधन में सफलता पाई ?

(A) मछली (B) शेर

(C) गाय (D) बकरी

39 ''लक्ष्यैकदृष्टिः निरंतरः प्रयत्नः मम साफल्यस्य कारणम्'' – यह उक्ति किसकी है ?

(A) वृहत्काय मण्डूक (B) लघुकाय मण्डूक

(C) अन्य मण्डूक (D) इनमें से कोई नहीं

40. स्तम्भारोहण स्पर्धा किनके बीच सम्पन्न हुई ?

(A) वानर (B) मयूर

(C) मण्डूक (D) पक्षी–गण

41. 'विदुषाम्' पद की विभक्ति क्या है ?

(A) षष्ठी (B) प्रथमा

(C) पंचमी (D) सप्तमी

42. 'श्रीमत्' पुँल्लिंग पद का प्रथमा विभक्ति एकवचन रूप क्या होगा ?

(A) श्रीमताम् (B) श्रीमान्

(C) श्रीमति (D) श्रीमता

43. उकारान्त नपुंसकलिंग पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) चमू (B) धेनु

(C) मधु (D) वधू

44. 'मह्यम्' सर्वनाम पद में प्रयुक्त विभक्ति क्या है ?

(A) द्वितीया (B) पंचमी

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

45. संख्यावाची पद तीन के लिए स्त्रीलिंग में किस पद का प्रयोग किया जाता है ?

(A) त्रीणि (B) तिस्रः

(C) त्रयः (D) त्रि

46. 'नदी' शब्द का रूप सप्तमी विभक्ति बहुवचन में क्या होगा ?

(A) नदीनाम् (B) नद्याम्

(C) नदीषु (D) नदीभिः

47. 'अस्' धातु का रूप लोट् लकार मध्यम पुरुष एकवचन में क्या होगा ?

(A) एधि (B) जहि

(C) असि (D) स्याः

48. 'पश्येत्' किस धातु का रूप है ?

(A) दृश् (B) पिब्

(C) पा (D) पश्य्

49. तपस्या करने के अर्थ में किस धातु का प्रयोग किया जाता है ?

(A) जात् (B) टाप्

(C) तप् (D) लिख्

50. 'गम्' धातु का अर्थ क्या होता है ?

(A) खाना (B) भागना

(C) जाना (D) पकाना

51. 'पठतु' किस लकार का रूप है ?

(A) लट् (B) लोट्

(C) लृट् (D) लङ्

52. 'भू' धातु के लृट् लकार, प्रथम पुरुष एकवचन का रूप क्या होगा ?

(A) भविष्यसि (B) भविष्यामि

(C) भविष्यति (D) भविष्यामः

53. 'सप्ताहः' किस समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) कर्मधारय

54. कर्मधारय समास का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) नवरत्नम् (B) पाठकः

(C) नीलोत्पलम् (D) अविवेकः

55. 'स्थिता प्रज्ञा यस्य सः' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) स्थितप्रज्ञः (B) स्थितप्रज्ञी

(C) स्थितप्रज्ञान (D) स्थितिप्रज्ञी

56. 'यथासमयम्' पद का समास विग्रह क्या होगा ?

(A) समयम् अनुसारम् (B) समयम् अतिक्रम्य

(C) समयम् अनतिक्रम्य (D) समयस्य योग्यम्

57. 'नीलकण्ठः' पद का सामासिक विग्रह निम्न में कौन–सा है ?

(A) नीलः कण्ठः यस्य सः (B) नीलः कण्ठः

(C) नीलम् कण्ठम् यस्य सः (D) नीलम् कण्ठः

58. 'गुरोः समीपम्' का समस्त पद है –

(A) उपगुरु (B) उपगुरुः

(C) अनुगुरु (D) अधिगुरु

59. 'चक्रपाणिः' किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्वन्द्व (B) बहुव्रीहि

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

60. 'पंचवटी' में प्रयुक्त समास निम्न में कौन–सा है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

61. 'अहं पाणिपादम् प्रक्षालयामि।' वाक्य में रेखांकित पद का समास विग्रह क्या होगा ?

(A) पाणि च पादः च तयोः समाहारः (B) पाणी च पादौ च तेषां समाहारः

(C) पाणिम् च पादम् च तयोः समाहारः (D) पाणी च पादाः च तेषां समाहारः

62. 'पीताम्बरः' में प्रयुक्त समास कौन–सा है ?

(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव

(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

63. द्विकर्मक धातु निम्न में कौन–सी है ?

(A) याच् (B) पठ्

(C) वद् (D) लिख्

64. द्वितीया विभक्ति किस कारक के लिए प्रयुक्त होती है ?

(A) कर्त्ता (B) कर्म

(C) करण (D) संप्रदान

65. 'माता पुत्राय वस्त्राणि आनयति।' वाक्य में चतुर्थी विभक्ति किस पद में है ?

(A) माता (B) पुत्राय

(C) वस्त्राणि (D) आनयति

66. 'परितः' योगे ........... ? रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) तृतीया (B) सप्तमी

(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

67. जिस लक्षण के द्वारा किसी वस्तु या व्यक्ति की पहचान का ज्ञान हो उन लक्षणवाची शब्दों के साथ किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) तृतीया (B) चतुर्थी

(C) पंचमी (D) सप्तमी

68. ‘कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे’ कारक–सूत्र किस विभक्ति की ओर इंगित करता है ?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

69. पंचमी विभक्ति विधायक कारक–सूत्र निम्न में कौन–सा है ?

(A) आख्यातोपयोगे (B) धारेरूत्तमर्णः

(C) प्रकृत्यादिभ्यः उपसंख्यानम् (D) येनाङ्गविकारः

70. ‘यतश्चनिर्धारणम्’ सूत्र का उदाहरण वाक्य निम्न में कौन–सा है ?

(A) कवीनां / कविषु कालिदासः श्रेष्ठः। (B) विद्यालये छात्रः पठति।

(C) वने सिंहः वसति (D) मुनिः कटे आस्ते।

71. ‘पृथक्’, ‘विना’ और ‘नाना’ अव्ययों के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) चतुर्थी (B) पंचमी

(C) षष्ठी (D) सप्तमी

72. करण कारक में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

73. ‘सप्तर्षिः’ किस संधि का उदाहरण है ?

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) विसर्ग (D) पूर्वरूप

74. ‘सरः + वरः’ की संधि क्या होगी ?

(A) सरवरः (B) सरोवरः

(C) सरावरः (D) सरवरो

75. 'कृष् + नः' की संधि क्या होगी ?

(A) कृषणः (B) कृष्णः

(C) कृषन (D) कृषणे

76. किसमें विसर्ग संधि है –

(A) इत्यादि (B) विद्यालयः

(C) नीरोगः (D) सदुक्तिः

77. 'समःसुटि' संधि सूत्र का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) उत् + लासः (B) सम् + कृतम्

(C) देवी + छाया (D) निः + चयः

78. 'यथोचितम्' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) यथा + आचितम् (B) यथ + ओचितम्

(C) यथा + औचितम् (D) यथा + उचितम्

79. 'वायोः + इव' की संधि क्या होगी ?

(A) वायोरिव (B) वायोःइव

(C) वायोःरिव (D) वायोरवि

80. 'एकैकः' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) एक + एक (B) एके + क

(C) एकै + एक (D) एक + एक

81. 'ट्' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्धा (B) कण्ठ

(C) तालु (D) ओष्ठ

82. ‘ऐ’ और ‘औ’ वर्णों को किस नाम से जानते हैं ?

(A) वृद्धि (B) गुण

(C) यण् (D) अयादि

83. ‘उ + अ’ के मिलने से कौन–सा वर्ण बनेगा ?

(A) य (B) र

(B) ल (D) व

84. किस पद में अति उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(A) अतिसारः (B) अत्याचारः

(C) अतिवादः (D) अधिकारः

85. ‘निनादः’ पद में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(A) निना (B) नि

(C) नु (D) ना

86. ‘संवादः’ में प्रयुक्त उपसर्ग निम्न में कौन–सा होगा ?

(A) स (B) सम्

(C) सन् (D) सव

87. ‘जायमानः’ का प्रकृति–प्रत्यय क्या होगा ?

(A) जा + शानच् (B) जन् + शानच्

(C) ज्ञा + शानच् (D) ज्ञान + शानच्

88. ‘गुण + मतुप्’ से कौन–सा रूप निष्पन्न होगा ?

(A) गुणवान् (B) गुणवान

(C) गुणमान् (D) गुणमान

89. 'पच् + तव्यत्' से निर्मित पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) पचितव्यम् (B) पक्तव्यम्

(C) पचतव्यम् (D) पच्तव्यम्

90. 'पठनीयः' का प्रकृति–प्रत्यय क्या होगा ?

(A) पठ्+अनीयः (B) पठ्+अनीयाः

(C) पठ्+अनीयर् (D) पठ्+अनीयम्

91. 'सप्ताह + ठक्' से निर्मित पद है –

(A) साप्ताहिकः (B) सप्ताहिकी

(C) सप्ताहिकम् (D) सप्ताहे

92. 'नमन्ति (फल + इन्) .............. वृक्षाः। वाक्य में रिक्त स्थान की पाद–पूर्ति किससे होगी ?

(A) फलिनः (B) फली

(C) फलिनौ (D) फलिनाः

93. 'दरिद्र + तल्' से किस पद का निर्माण होगा ?

(A) दरिद्रता (B) दरिद्र

(C) दरिद्रत (D) दरिद्रतम्

94. '.............. (सदाचार + मतुप्) विवेकी जनः।' वाक्य में रिक्त स्थान की पाद–पूर्ति किससे होगी ?

(A) सदाचारमान् (B) सदाचारवान्

(C) सदाचारवन्तः (D) सदाचारमन्तः

95. 'अनुपमा' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) अनुपम + टाप्　　(B) अनुपम् + आप्

(C) अनुपम + चाप्　　(D) अनुपम + ठक्

96. 'गच्छन्ती' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) गम् + शतृ + ङीप्　　(B) गम् + ङीप्

(C) गम् + शतृ　　(D) गम् + शानच् + ङीप्

97. 'रजकी' का उचित प्रकृति प्रत्यय विकल्प में कौन–सा है ?

(A) रज् + अक् + ई　　(B) रजक + ङीष्

(C) रजक + इङ　　(D) रज् + ङीप्

98. 'लभ् + शानच' का निष्पन्न रूप क्या होगा ?

(A) लभमानः　　(B) लब्धवान्

(C) लभमाण　　(D) लभमाणी

99. 'यथा' क्या है ?

(A) कारक　　(B) अव्यय

(C) सन्धि　　(D) समास

100. 'गोपी' पद में किस स्त्री प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(A) ङीष्　　(B) ङीप्

(C) टाप्　　(D) ति

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8x2=16

क. भारतीय प्रजातंत्र पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

ख. सफल प्रजातांत्रिक शासन व्यवस्था के लिए क्या आवश्यक है ?

ग. लोभ और पिशुनता के बारे में क्या कहा गया है ?

घ. बुढ़ापा और धैर्य का हरण कौन करता है ?

ङ. 'स्तम्भारोहण' प्रतियोगिता की शर्त क्या थी ?

च. लघुकाय मण्डूक को निराश करने के लिए अन्य मण्डूकों ने क्या किया ?

छ. तुलसी वनस्पति की क्या उपयोगिता है ?

ज. 'निघण्टु' वनस्पति ग्रंथ का वर्ण्य–विषय क्या है ?

झ. समाज में वास्तविक खुशी कैसे उत्पन्न होगी ?

ञ. 'दिवास्वप्नः' पाठ के अनुसार कौन पण्डित नहीं है ?

ट. 'असंभव कल्पना' का क्या परिणाम निकलता है ?

ठ. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जीवन में चम्पारण आंदोलन का क्या महत्त्व है ?

ड. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के बारे में आप क्या जानते हैं ?

ढ. आलसी मानव की क्या गति होती है ?

ण. देव कब सहायक होते हैं ?

त. दुष्ट की विद्या और धन का प्रयोग कैसे होता है ?

**अपठित गद्यांश (13 अंक)**

2. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

अ. "छात्रजीवनं नृणां सर्वांगीणविकासार्थम् अतीव महत्त्वपूर्णं भवति। सकल समृद्धिदात्र्याः विद्यायाः प्रकाशः अस्मिन् छात्रजीवने एव सुलभो भवति। छात्रजीवने सदाचारस्य संयम नियम–पालनस्य महिमा गरीयान् वर्तते।

सफलं छात्रजीवनम् मानवतायाः विकासक्रमे प्रथमं सोपानम्। सर्वेषां महापुरुषाणां छात्रजीवनं तेषां व्यक्तित्वनिर्माणे महत्त्वपूर्णम् अस्ति।''

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) विद्यायाः प्रकाशः कस्मिन् जीवने सुलभो भवति ?

(ख) कस्य पालनं छात्रजीवने गरीयान् वर्तते ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) नृणां छात्रजीवनं किमर्थं महत्त्वपूर्णं भवति ?

(ख) मानवतायाः विकासक्रमे प्रथमं सोपानं किम् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

अथवा

प्रकृतिः मनुष्यस्य उपकारिणी। मनुष्यैः सह तस्याः शाश्वतः सम्बन्धः। सा विविधरूपेण अस्मिन् जगति आत्मानं प्रकटयति। पशवः पक्षिणः वनस्पतयः च तस्याः एव अंगानि। निराशाः असहायाः जनाः तस्याः एव आश्रयं प्राप्नुवन्ति। सा स्वमनोहरेण सौन्दर्येण नीरसम् हृदयम् अपि सरसं करोति। सूर्यः चन्द्रः च तस्याः नेत्रे। शस्य–श्यामला एषा भूमिः, विविधाः ओषधयः सकलानि खनिजानि च प्रकृतेः एव शोभा। सा तु नित्यम् एव एतैः साधनैः सर्वेषाम् उपकारं करोति, परम् अधन्यः अयं जनः कृतज्ञतां विहाय असाधुसेवितं पथं गच्छति, विविधानि कष्टानि च अनुभवति। नरः शाश्वतं सुखं वाञ्छति चेत् तर्हि प्रकृतेः प्रतिकूलं कदापि न आचरेत्, इति।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) का सर्वेषाम् उपकारं करोति ?

(ख) सूर्यः चन्द्रः च कस्याः नेत्रे ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) प्रकृतेः का शोभा ?

(ख) नरः शाश्वतं सुखं वाञ्छति चेत् तर्हि किम् आचरेत् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

ब. विद्या शब्दस्य अर्थः ज्ञानम् अस्ति। एषा विद्या महता प्रयत्नेन लभ्यते। विद्यावान् नरः एव सर्वत्र सम्मानं लभते। विद्या मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं वर्तते। एषा कुरूपम् अपि सुरुपं करोति। विदेशे बन्धुवत् साहाय्यं करोति। अनया एव मानवः कीर्तिं धनम्–सुखम् च लभते। अतः सर्वैः जनैः स्वजीवने सुखं समृद्धिं च विद्या प्राप्तये प्रयत्नः करणीयः।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) कः सर्वत्र सम्मानं लभते ?

(ख) मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं किम् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) विद्या विदेशे किं करोति ?

(ख) विद्या–प्राप्तये किमर्थं यत्नः करणीयः ?

अथवा

पश्य, पश्य। तत्र एकम् उद्यानम् अस्ति। उद्यानं न केवलं सुन्दरम् अपितु विशालम् अपि अस्ति। जनाः न केवलं मनोरंजनाय अपितु विश्रामाय, चित्तस्य आह्लादाय, शुद्धपवनाय च उद्यानेषु भ्रमन्ति। तत्र उन्नताः वृक्षाः मनोहराणि पुष्पाणि, खगानां च मधुरध्वनिः सर्वेभ्यः जीवेभ्यः सदैव सुखम् एव यच्छति। धन्यानि एतादृशानि उद्यानानि।

(i) एकपदेन उत्तरत– 2x1=2

(क) उद्याने कीदृशाः वृक्षाः सन्ति ?

(ख) उद्याने केषां ध्वनिः सुखं यच्छति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) उद्यानेषु के भ्रमन्ति ?

(ख) उद्यानं कीदृशम् अस्ति ?

3. अद्योलिखित में से किसी एक विषय पर सात वाक्यों में संस्कृत में अनुच्छेद लिखेंः– 7

i. जवाहरलाल नेहरूः

ii. हिमालयः

iii. वर्षा–ऋतुः

iv. अस्माकं ग्रामः

v. सदाचारः

4. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :– 2x4=8

क. अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें, जिसमें शुल्क क्षमा की प्रार्थना की गई हो।

ख. अपने बीमार मित्र को एक पत्र संस्कृत में लिखें, जिसमें उसके शीघ्र स्वास्थ्य–लाभ की कामना की गई हो।

ग. अपने नगर के प्रमुख दैनिक समाचार–पत्र के संपादक के पास एक पत्र लिखें जिसमें समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए प्रयास करने की मांग की गई हो।

घ. स्वाध्याय हेतु प्रेरित करते हुए अपने मित्र को एक पत्र संस्कृत में लिखें।

5. अधोलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में कीजिए : 6x1=6

क. घर के दोनों ओर वृक्ष हैं।

ख. सदाचार से विश्वास बढ़ता है।

ग. वह घर गई।

घ. संतोष उत्तम सुख है।

ङ. पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

च. हमदोनों कक्षा में अपना पाठ पढ़ेंगे।

छ. गंगा हिमालय से निकलती है।

ज. मुझे संस्कृत–भाषा पढ़नी चाहिए।

झ. यह राम की किताब है।

ञ. मैं वाराणसी जाऊँगा।

ट. प्रयाग में संगम है।

ठ. सूर्योदय हो रहा है।